Sl.No.	Name of Project	Capacity (MW)	Prov. Cost (Rs. Crs.)	Name of Company
5.	Khaperkheda TPS (Units 5&6)	2×210	1353.00	Aranco Line Shippine Co. Malta/Singapore.
6.	Khaperkheda TPS (Units 3&4)	2×250	1750.00	Ballarpur Industries Ltd.
7.	Nagathone GBPP	410	1435.00	Reliance Industries Ltd.
8.	Wani-Warora	500	1750.00*	RPG Group
		5457.00	22181.27	

*Rs. 3.5 crores/MW has been assumed as capital cost since promoters has not given the provisional cost estimates.

(b) Officers of the Ministry of Power holds meetings with representatives of the Ministries of Coal and Railways in connection with allocating coal-linkage from mines, facilitating IPPs to set up captive coal mines and finalising rail transport arrangements.

(c) and (d) The ultimate demand supply position in the State would depend upon several factors and could be indicated only on finalisation of all project proposals both in the private sector and public sector.

गांवों में बिजली कनैक्शन

2294 **श्रीमती सुषमा स्वराज:**
श्री राम जेठमलानी:

क्या विद्युत मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि देश में लगभग 85 प्रतिशत गांवों में बिजली के कनैक्शन दिए जा चुके हैं;

(ख) क्या यह भी सच है कि देश के गांवों में केवल 31 प्रतिशत घरों में ही बिजली का उपयोग हो रहा है;

(ग) यदि नहीं, तो इस संबंध में तथ्य क्या है;

(घ) क्या सरकार द्वारा ग्रामीण आवासों में इतने कम बिजली कनैक्शन होने के कारणों का पता लगाया गया है; और

(ङ) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?

विद्युत मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती उर्मिला चिमनभाई पटेल): (क) और (ख) जी, हां।

(ग) से (ङ), लागू नहीं है। अपर्याप्त ग्रामीण आवासीय कनेक्शनों के कारणों में, अन्य बातों के साथ-साथ, ये शामिल हैं; विद्युत उपलब्धता में अनियमितताएं, गांव की सीमा में आने वाले सभी आवासीय इलाकों में बिजली का न दिया जाना, निवास स्थानों की खराब हालत, जिससे बिजली के कनेक्शनों की सुरक्षा प्रभावित होती है। लोगों की आर्थिक स्थिति और बिजली का कनेक्शन लेने के लिए पूंजी और आवर्ती लागतों को वहन करने की असमर्थता होना।

सूरत और अमरेली में विमानपत्तनों का निर्माण

2295. **श्री गोपाल सिंह जी० सोलंकी:** क्या नागर विमानन और पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या राज्य सरकार ने सूरत और अमरेली में विमानपत्तनों का निर्माण किया है;

(ख) क्या केन्द्रीय सरकार राज्य सरकारों को इन विमानपत्तनों के विकास तथा विस्तार के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करने का विचार रखती है; और

(ग) यदि हां, तो प्रस्तावित सहायता और अनुमानित व्यय का ब्यौरा क्या है?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद:) (क) जी, नहीं।

(ख) जी, नहीं।

(ग) यह प्रश्न नहीं उठता।